Result Mitra

# रिजल्ट मित्र स्पेशल

# Hand Written

# करंट अफेयर्स नोट्स

# 3



## मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कारों की घोषणा

खेल मंत्रालय ने 2 जनवरी 2025 को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कारों की घोषणा की इस वर्ष चार खिलाड़ियों को इस सर्वोच्च खेल सम्मान से नवाजा जाएगा।

(1) मनु भाकर
(2) डी. गुकेश
(3) हरमनप्रीत सिंह
(4) प्रवीण कुमार

- इन विजेताओं को 17 जनवरी 2025 को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

इसके अलावा 32 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

## मेजर ध्यानचन्द्र खेल रत्न पुरस्कार

खेल रत्न पुरस्कार भारत का सर्वोच्च खेल सम्मान माना जाता है।

खेल रत्न को 1991-92 में राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार के नाम से पहली बार दिया गया था।

साल 2021 में इसका नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार कर दिया गया था।

- खेल रत्न को चार साल की अवधि में किये गए खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाता है।

03/Jan/25 P1

- भारतीय शतरंज ग्रैंड मास्टर विश्वनाथन आनंद भारत के पहले खेल रत्न विजेता थे।

- बीजिंग ओलंपिक 2008 में भारत के लिए पहला व्यक्तिगत पदक स्वर्ण पदक दिलाने वाले पिस्टल शूटर अभिनव बिंद्रा खेल रत्न जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी है

- कर्णम मल्लेश्वरी 1994-95 में खेल रत्न पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय महिला थी।

- पुरस्कार राशि - 25 लाख रुपये

Result Mitra






@resultmitra www.resultmitra.com

# मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार

**मेजर ध्यानचंद: हॉकी के जादूगर**

मेजर ध्यानचंद (29 अगस्त 1905 – 3 दिसंबर 1979) को "हॉकी के जादूगर" के रूप में जाना जाता है। वे भारत के सबसे महान हॉकी खिलाड़ियों में से एक थे, जिन्होंने अपनी असाधारण हॉकी कौशल और खेल की समझ से भारत को तीन ओलंपिक स्वर्ण पदक जिताए।

1. **ओलंपिक सफलता:**
    - 1928 (एम्स्टर्डम ओलंपिक):
        - भारत ने अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। ध्यानचंद ने पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा गोल किए।
    - 1932 (लॉस एंजेलेस ओलंपिक):
        - भारत ने 37-0 के बड़े अंतर से अमेरिका को हराया। ध्यानचंद और उनके भाई रूप सिंह ने 25 गोल किए।
    - 1936 (बर्लिन ओलंपिक):
        - भारत ने जर्मनी को 8-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। ध्यानचंद ने फाइनल में 6 गोल किए।
2. अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन:
    - 1926 से 1948 तक, ध्यानचंद ने 185 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत के लिए 570 से अधिक गोल किए।
    - उनकी स्टिक नियंत्रण और गोल करने की क्षमता अद्वितीय थी।

सम्मान और पुरस्कार:

1. पद्म भूषण:
    - 1956 में भारत सरकार ने उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया।
2. राष्ट्रीय खेल दिवस:
    - उनके जन्मदिन (29 अगस्त) को भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है।
3. ध्यानचंद पुरस्कार:
    - भारत में खेल के क्षेत्र में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उनकी स्मृति में दिया जाता है।

# चीन ने दुनिया की सबसे तेज हाई-स्पीड ट्रेन प्रोटोटाइप पेश की

चीन ने हाल ही में अपनी नई हाई स्पीड बुलेट ट्रेन CR450 प्रोटोटाइप का अनावरण किया। जो परीक्षण के दौरान 450 km/h की गति तक पहुंच गई है

## मुख्य विशेषताएं



- उन्नत डिजाइन
- ब्रेकिंग सिस्टम
- आधुनिक प्रणालियाँ

## उद्देश्य

CR450 प्रोटोटाइप का विकास यात्रा समय को कम करने और प्रमुख शहरों के बीच कनेक्टिविटी को सुधार करने के लिए किया गया है

Result Mitra



## चीन ने हाल ही में अपनी नई हाई-स्पीड

### चीन की रेलवे प्रगति:

चीन का हाई-स्पीड रेल नेटवर्क वर्तमान में 47,000 किलोमीटर से अधिक विस्तृत है, जो देश के प्रमुख शहरों को जोड़ता है। इसके अलावा, चीन मैग्लेव (मैग्नेटिक लेविटेशन) तकनीक पर आधारित 621 किमी/घंटा की गति वाली ट्रेनों का भी विकास कर रहा है, जो भविष्य में परिवहन के क्षेत्र में और क्रांति ला सकती हैं।

### भारत के लिए संदर्भ:

भारत में वर्तमान में सबसे तेज ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस है, जिसकी अधिकतम गति 180 किमी/घंटा है। सीआर450 जैसी उन्नत ट्रेनों की तुलना में, भारत को अपने रेल नेटवर्क के आधुनिकीकरण और गति बढ़ाने के लिए तकनीकी उन्नयन की आवश्यकता है।
चीन की यह नई पहल वैश्विक रेलवे उद्योग में उसकी अग्रणी स्थिति को और मजबूत करती है, जिससे भविष्य में अंतरराष्ट्रीय परिवहन मानकों में महत्वपूर्ण बदलाव की संभावना है।



# वित्त वर्ष 2025 में GDP 6.6% की दर से बढ़ेगी है-RBI

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की वृद्धि दर 6.6% रहने का अनुमान व्यक्त किया है।

## RBI

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) भारत का केन्द्रीय बैंक है। जिसका प्राथमिक कार्य देश की वित्तीय प्रणाली का प्रबंधन और संचालन करना है।

यह भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 के तहत वर्ष 1935 में स्थापित एक वैधानिक निकाय है।

## भारत की GDP के बारे में कुछ तथ्य

- सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि
- जीडीपी घटक
- जीडीपी की गणना
- GDP और दुनिया
- GDP और अर्थव्यवस्था

## GDP डेटा प्रदान करने वाली कुछ एजेंसियां

- IMF
- विश्व बैंक
- सीआईए वर्ल्ड फैक्टबुक

3 Jan | Py

# भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)

वित्त वर्ष 2024-25 (FY25) के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (GDP) वृद्धि दर के अनुमान विभिन्न संस्थानों द्वारा 6.3% से 7% के बीच लगाए गए हैं। प्रमुख अनुमानों का सारांश निम्नलिखित है:

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI): RBI ने FY25 के लिए GDP वृद्धि दर का अनुमान 6.6% रखा है।
- एशियाई विकास बैंक (ADB): ADB ने अपने पूर्वानुमान को घटाकर FY25 के लिए 6.5% कर दिया है, जो पहले 7% था।
- मॉर्गन स्टेनली: मॉर्गन स्टेनली ने FY25 के लिए GDP वृद्धि दर का अनुमान 6.3% किया है, जो पहले 6.7% था।
- S&P ग्लोबल रेटिंग्स: S&P ने FY25 में GDP वृद्धि दर 6.8% रहने का अनुमान व्यक्त किया है।
- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF): IMF ने FY25 के लिए GDP वृद्धि दर 7% और FY26 के लिए 6.5% रहने का अनुमान जताया है।

इन अनुमानों में अंतर के बावजूद, अधिकांश विशेषज्ञों का मानना है कि FY25 में भारत की GDP वृद्धि दर 6.5% के आसपास रह सकती है।

# वी. रामसुब्रमण्यम NHRC के अध्यक्ष नियुक्त

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 23 दिसम्बर 2024 को उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश वी. रामासुब्रमण्यम को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग NHRC का अध्यक्ष नियुक्त किया।



**परिचय**

- जन्म - 30 जून 1958
- 16 फरवरी 1983 को बार के सदस्य बने

# राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC)

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) एक स्वायत्त निकाय है। जो देश में मानवाधिकारों के संरक्षण और संवर्धन के लिए काम करती है। इसकी स्थापना 12 अक्टूबर 1993 को हुई थी।

आयोग में एक अध्यक्ष और पाँच सदस्य होते है
कार्यकाल - तीन साल 70 वर्ष जो भी पहले हो।
वर्तमान अध्यक्ष - अरुण कुमार मिश्रा

- आयोग के पास मानवाधिकारों के उल्लंघन की शिकायतों की जाँच के लिए अपना जाँच दल होता है।
- यह मानवाधिकारों से जुड़े मुद्दों पर सरकार को परामर्श देता है
- मानवाधिकार शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देता है

# चुनाव आयोग ने 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए विस्तृत आंकड़े प्रकाशित

भारत निर्वाचन आयोग (ECI) ने 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए विस्तृत आंकड़े जारी किये।

(1) **पंजीकृत मतदाता :-** 2024 में 97.97 %

(2) **मतदान प्रतिशत :-** कुल 64.64 करोड़ वोट पड़े

(32.93 करोड़ पुरुष
31.27 करोड़ महिलाएं)
13050 थर्ड जेंडर

(3) **पोलिंग स्टेशन :-** 1052664 पोलिंग स्टेशन बने।

(4) **महिला मतदाता :-** 47.63 करोड़ कुल मतदाताओं का 48.62%

(5) **ट्रांसजेंडर मतदाता :-** 27.09 %

(6) **NOTA -** 63.71 लाख वोट मिले

**चुनाव आयोग** — एक संवैधानिक निकाय

स्थापना - 25 जनवरी 1950

# निर्वाचन आयोग की शक्तियां व कार्य

- यह मतदाता सूची तैयार करता है
- पात्र मतदाताओं को पंजीकृत करता है
- चुनाव कार्यक्रम तैयार करता है
- राजनीतिक दलों को पंजीकृत करता है
- मान्यता प्रदान करता है
- चुनाव चिन्ह प्रदान करता है
- राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय दल का दर्जा प्रदान करता है
- प्रतीक आवंटित करता है
- चुनाव व्यवस्था से संबंधित विवादों की जांच के लिए अधिकारियों की नियुक्ति करता है

Result Mitra

